**भारत सरकार**

**रक्षा मंत्रालय**

**रक्षा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1828**

**11 फरवरी, 2022 को उत्तर के लिए**

**सैनिक स्कूलों को आबंटित धनराशि**

**1828. श्री बिद्युत बरन महतो :**
**श्री रवि किशन :**
**श्री रविन्दर कुशवाहा :**
**श्री कोडिकुन्नील सुरेश :**
**श्री सुधीर गुप्ता :**
**श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी :**
**श्री मनोज तिवारी :**
**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे :**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :**
**श्री प्रतापराव जाधव :**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए सैनिक/राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों की संख्या कितनी है और वर्तमान में प्रत्येक सैनिक/राष्ट्रीय सैन्य स्कूल को कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

(ख) क्या सरकार ने राज्यों, गैर-सरकारी संगठनों और निजी संस्थाओं/संस्थानों की साझेदारी में 100 सैनिक स्कूल स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और वांछित संबद्धता के लिए सरकार/सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा प्राप्त और स्वीकृत आवेदनों की कुल संख्या कितनी है;

(घ) सैनिक स्कूलों की स्थापना के लिए राज्य सरकारों, निजी स्कूलों और गैर सरकारी संगठनों से प्राप्त प्रस्तावों की कुल संख्या के साथ-साथ वर्तमान में स्वीकृत, अस्वीकृत और समीक्षाधीन प्रस्तावों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ङ) क्या सैनिक स्कूल प्राधिकरण ने अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसे कब तक प्रस्तुत किए जाने की संभावना है; और

(च) क्या सरकार का राज्य के अंदर कार्यरत सैनिक स्कूलों की कुल संख्या संबंधी उच्चतम सीमा निर्धारित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्‌ट)**

**(क):** देश में चल रहे सैनिक/राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों और गत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए ऐसे स्कूलों की संख्या सहित वर्तमान में प्रत्येक स्कूल को आबंटित धनराशि का ब्यौरा क्रमशः अनुबंध**-** **'**क**'** और अनुबंध**-** **'**ख**'** में दिया गया है।

**(ख)** से **(च):** सरकार ने सैनिक स्कूल सोसाइटी**,** रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में स्थापित होने वाले एनजीओ/निजी स्कूलों और राज्यों के साथ भागीदारी में अधिकतम राज्यों और संघ**-**राज्य क्षेत्रों को शामिल करने के प्रयास के साथ कक्षा **6** से आगे प्रारंभ होने वाले**,** कक्षा**-**वार एक ग्रेडेड तरीके से **100** नए सैनिक स्कूल खोलने के प्रस्ताव को अनुमोदन दे दिया है। अनुमोदन के आधार पर सैनिक स्कूल सोसाइटी**,** रक्षा मंत्रालय द्‌वारा सभी इच्छुक भागीदारों से वेब पोर्टल **http://sainikschool.ncog.gov.in** के माध्यम से आवेदन मांगे गए हैं। अब तक **379** आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जो इस उद्‌देश्य हेतु निर्धारित योग्यता अर्हताएं पूरी करने और अनुमोदन उप**-**नियमों से सहमत होने तथा सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित होने के आधार पर अनुमोदन हेतु शॉर्टलिस्ट किए जाएंगे।

**'सैनिक स्कूलों को आबंटित धनराशि' के बारे में लोक सभा में दिनांक 11.02.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न सं. 1828 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**देश में चल रहे सैनिक स्कूलों और गत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए ऐसे स्कूलों की संख्या सहित वर्तमान में प्रत्येक स्कूल को आबंटित धनराशि का ब्यौरा**

| क्र. सं. | सैनिक स्कूल का नाम | राज्य | वर्ष | वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आबंटित धनराशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सैनिक स्कूल, सतारा | महाराष्ट्र | 1961 | 0.00 |
| 2. | सैनिक स्कूल, कुंजपुरा | हरियाणा | 1961 | 2.85 |
| 3. | सैनिक स्कूल, कपूरथला | पंजाब | 1961 | 3.01 |
| 4. | सैनिक स्कूल, बालाछड़ी | गुजरात | 1961 | 2.94 |
| 5. | सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ | राजस्थान | 1961 | 2.66 |
| 6. | सैनिक स्कूल, कोरुकोंडा | आंध्र प्रदेश | 1962 | 2.93 |
| 7. | सैनिक स्कूल, काझाकूटम | केरल | 1962 | 2.77 |
| 8. | सैनिक स्कूल, पुरुलिया | पश्चिम बंगाल | 1962 | 0.00 |
| 9. | सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर | ओडिशा | 1962 | 3.09 |
| 10. | सैनिक स्कूल, अमरावतीनगर | तमिलनाडु | 1962 | 3.70 |
| 11. | सैनिक स्कूल, रीवा | मध्य प्रदेश | 1962 | 3.12 |
| 12. | सैनिक स्कूल, तिलैया | झारखंड | 1963 | 3.92 |
| 13. | सैनिक स्कूल, बीजापुर | कर्नाटक | 1963 | 4.33 |
| 14. | सैनिक स्कूल, गोलपारा | असम | 1964 | 2.50 |
| 15. | सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल | उत्तराखंड | 1966 | 2.89 |
| 16. | सैनिक स्कूल, नगरोटा | जम्मू | 1970 | 0.00 |
| 17. | सैनिक स्कूल, इम्फाल | मणिपुर | 1971 | 3.18 |
| 18. | सैनिक स्कूल, सुजानपुर टीरा | हिमाचल प्रदेश | 1978 | 2.84 |
| 19. | सैनिक स्कूल, नालंदा | बिहार | 2003 | 1.83 |
| 20. | सैनिक स्कूल, गोपालगंज | बिहार | 2003 | 1.97 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21. | **सैनिक स्कूल, पुंगलवा** | **नागालैंड** | 2007 | 2.18 |
| 22. | **सैनिक स्कूल, कोडागु** | **कर्नाटक** | 2007 | 1.77 |
| 23. | **सैनिक स्कूल, अम्बिकापुर** | **छत्तीसगढ़** | 2008 | 1.63 |
| 24. | **सैनिक स्कूल, रेवाड़ी** | **हरियाणा** | 2009 | 1.79 |
| 25. | **सैनिक स्कूल, कालीकिरी** | **आंध्र प्रदेश** | 2014 | 1.12 |
| 26. | **सैनिक स्कूल, छिंगछिप** | **मिजोरम** | 2017 | 0.00 |
| 27. | **सैनिक स्कूल, झुंझुनु** | **राजस्थान** | 2018 | 0.53 |
| 28. | **सैनिक स्कूल, ईस्ट सियांग** | **अरुणाचल प्रदेश** | 2018 | 0.00 |
| 29. | **सैनिक स्कूल, चन्द्रपुर** | **महाराष्ट्र** | 2019 | 0.49 |
| 30. | **सैनिक स्कूल, झांसी** | **उत्तर प्रदेश** | 2019 | 0.00 |
| 31. | **सैनिक स्कूल, मैनपुरी** | **उत्तर प्रदेश** | 2019 | 0.47 |
| 32. | **सैनिक स्कूल, अमेठी** | **उत्तर प्रदेश** | 2020 | 0.00 |
| 33. | **सैनिक स्कूल, सम्बलपुर** | **ओडिशा** | 2020 | 0.00 |

**गत तीन वर्षों के दौरान** 05 **सैनिक स्कूल खोले गए हैं।**

**<u>'सैनिक स्कूलों को आबंटित धनराशि' के बारे में लोक सभा में दिनांक 11.02.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न सं. 1828 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध</u>**

**देश में चल रहे राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों और गत तीन वर्षों के दौरान स्थापित किए गए ऐसे स्कूलों की संख्या सहित वर्तमान में प्रत्येक स्कूल को आबंटित धनराशि का ब्यौरा**

| क्र. सं. | राष्ट्रीय सैन्य स्कूल का नाम | राज्य | वर्ष | वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आबंटित धनराशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आरएमएस, चैल | हिमाचल प्रदेश | 1925 | 0.72 |
| 2. | आरएमएस, अजमेर | राजस्थान | 1930 | 1.21 |
| 3. | आरएमएस, बेलगाम | कर्नाटक | 1946 | 1.30 |
| 4. | आरएमएस, बेंगलुरु | कर्नाटक | 1946 | 1.31 |
| 5. | आरएमएस, धोलपुर | राजस्थान | 1962 | 1.63 |

गत तीन वर्षों के दौरान कोई राष्ट्रीय सैन्य स्कूल नहीं खोला गया है।

*****